Total No. of Printed Pages—5

**4 SEM TDC HND MIL (A) 1**

**2016**

( May )

HINDI

( Modern Indian Language )

**( Arts )**

Course : 401

( व्यावहारिक हिन्दी )

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*Candidates* ***eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***8***

*Full Marks* : 80

*Pass Marks* : 32/24

*Candidates* ***not eligible*** *for Internal Assessment shall answer Question Nos.* ***1*** *to* ***9***

*Full Marks* : 100

*Pass Marks* : 40/30

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×8=8

(क) 'कोश' के अनुसार अनुवाद शब्द का क्या अर्थ है?

*( Turn Over )*

(ख) हिन्दी में अनुवाद के लिए कौन-सा शब्द प्रचलित है?

(ग) अनुवाद शब्द मूलतः किस भाषा से आया है?

(घ) वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग की स्थापना कब हुई थी?

(ङ) क्या सरकारी कार्यालयों में कामकाजी हिन्दी भाषा का प्रयोग किया जा सकता है?

(च) संक्षेपण के कितने प्रकार होते हैं?

(छ) सरकारी पत्रों की भाषा संयत और शिष्ट/आलंकारिक होनी चाहिए। (सही विकल्प चुनकर लिखिए।)

(ज) क्या पारिभाषिक हिन्दी शब्दों की अपनी स्वतंत्र सत्ता है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×8=

(क) पारिभाषिक शब्दावली किसे कहते हैं?

(ख) कार्यालयी हिन्दी की दो विशेषताओं को लिखिए।

(ग) भावानुवाद क्या है?

(घ) पल्लवन और संक्षेपण में क्या अंतर है?

(ङ) अनुवाद की परिभाषा दीजिए।

(च) पत्र-लेखन के लिए अपेक्षित गुण क्या-क्या होने चाहिए? किन्हीं दो गुणों का उल्लेख कीजिए।

(छ) साहित्यिक विधा के आधार पर अनुवाद के प्रकार क्या-क्या हैं?

(ज) सरकारी एवं अर्द्ध-सरकारी पत्रों से आप क्या समझते हैं?



( Continue



**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×4=16

(क) साहित्यिक एवं प्रशासनिक शब्दावली से आप क्या समझते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

(ख) अनुवाद करते समय किन-किन बातों पर ध्यान देना चाहिए?

(ग) सरकारी पत्र लिखने के ढंग के विषय में चार सामान्य बातों का उल्लेख कीजिए।

(घ) संक्षेपण में क्या-क्या गुण होने चाहिए? किन्हीं चार गुणों का उल्लेख कीजिए।

**4.** पारिभाषिक शब्द-निर्माण प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक लिखिए। 11

**5.** (क) निम्नलिखित में से किन्हीं चार पारिभाषिक शब्दों को अंग्रेजी में रूपान्तरित कीजिए : 1×4=4

प्रबंधक ; अधिसूचना ; जमाकर्ता ; अधिकारी ; आवेदन ; मार्गदर्शन

(ख) निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों में से किन्हीं चार को हिन्दी में रूपान्तरित कीजिए : 1×4=4

Interview ; Editor ; Parliament ; Statutory ; Investment ; Reservation

**6.** निम्नलिखित का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 8

No matter how much wealth or fame we acquire, we are bound to end up in pitiful and unhappy circumstances if we are still

( Turn Over )

obsessed with past angers and hatreds in our final years. Life's true victors are those who succeed in elevating their life state to the point where they can embrace all people with compassion and love. In mountain climbing, when one reaches summit, one is filled with joy and satisfaction, and the hardship of the strenous climb is forgotten.

अथवा

Of foremost importances are the people not celebrities, the powerful, the rich, scholars or other whom society deems great or praise worthy, the purpose of all things must be the happiness of the people. Those who fail to recognize this fundamental point and look down on the people and exploit them are thoroughly vile, they are a hindrance to people's happiness.

**7.** चुनाव के दिनों में बढ़ रहे शोर और ध्वनि-प्रदूषण को नियंत्रित करने की अपील करते हुए थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए।

**8.** अनंत रूपों में प्रकृति हमारे सामने आती है—कहीं मधुर, सुसज्जित या सुंदर रूप में; कहीं रूखे, बेडौल या कर्कश रूप में; कहीं भव्य, विशाल या विचित्र रूप में; कहीं उग्र, कराल या भयंकर रूप में। सच्चे कवि का हृदय उसके उन सब रूपों में लीन होता है, क्योंकि उसके अनुराग का कारण अपना खास सुखभोग नहीं, बल्कि चिरसाहचर्य द्वारा प्रतिष्ठित वासना है। जो केवल प्रफुल्ल प्रसून प्रसाद के सौरभ संचार, मकरन्दलोलुप मधुर गुंजार, कोकिल कूजित





निकुंज और शीतल सुख स्पर्श समीर इत्यादि की ही चर्चा किया करते हैं, वे विषयी या भोगलिप्सु हैं। इसी प्रकार जो केवल मुक्ताभासहिमबिन्दुमंडित मरकताभ शाद्वलजाल, अत्यन्त विशाल गिरि-शिखर से गिरते हुए जलप्रपात की गंभीर गति से उठी हुई सीकरनीहारिका के बीच विविधवर्ण स्फुरण की विशालता, भव्यता और विचित्रता में ही अपने हृदय के लिए कुछ पाते हैं, वे तमाशबीन हैं, सच्चे भावुक या सहृदय नहीं। प्रकृति के साधारण, असाधारण सब प्रकार के रूपों को रखने वाले वर्णन हमें वाल्मीकि, कालिदास, भवभूति, इत्यादि संस्कृत के प्राचीन कवियों में मिलते हैं।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

(ख) उपर्युक्त गद्यांश का संक्षेपण कीजिए। 5

**( In lieu of Internal Assessment )**

**9.** निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) "एक अच्छा पत्र-लेखन हृदय के कपाट को खोलता है।" स्पष्ट कीजिए।

(ख) कथा साहित्य के अनुवाद में किस प्रकार की चुनौतियाँ मिलती हैं?

(ग) कार्यालयीन हिन्दी का सामान्य परिचय दीजिए।

★★★